Reg. No. : ....................................

Name : ..........................................

**SY-205**

**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH 2021**

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 20 Minutes

***सामान्य निर्देश :***

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 20 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।
- प्रथम 1 से 38 तक में से 80 अंक के उत्तर दीजिए ।

OGY Academy
Outstanding Guidance for Youth

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

नीलांबर परिधान हरित तट पर सुंदर है ।
सूर्य-चंद्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है ।।
नदियाँ प्रेम प्रवाह फूल तारे मंडन हैं ।
बंदीजन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन है ।।
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की ।
हे मातृभूमि ! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की ।।



For Free Carrier Counselling contact :+91 8891314091

1. यह कवितांश किस कविता का है ? **(1)**

[मातृभूमि, सपने का भी हक नहीं,

कुमुद फूल बेचनेवाली लड़की]

2. धरती का परिधान क्या है ? **(1)**

[सूर्य-चंद्र, नीलांबर, खग-वृंद]

3. कवि ने मातृभूमि का वर्णन किस प्रकार किया है ? **(2)**

4. कवितांश की आस्वादन – टिप्पणी लिखें । **(6)**

5. ये कथन पढ़ें और बहादुर शाह ज़फ़र के चरित्र पर टिप्पणी लिखें : **(6)**

- दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे । वे क्या यह नहीं जानते, कि मैं भी उनको रोता हूँ ।
- अब हँसे या रोएँ, कोई फ़ायदा नहीं
- हमारी कब्र परदेस में बनेगी, तय है ! लेकिन अभी तो हम लकड़ी की भीगी हुई कब्र में जिंदा ही दफ़न है ।

OGY Academy® Outstanding Guidance for Youth

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और 6 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

भारत की सेवा का अर्थ है लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना । इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना । बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना । हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ । शायद ये हमारे लिए संभव न हो, पर जब तक लोगों की आँखों में आँसू है और वे पीड़ित हैं तब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा ।



For Free Carrier Counselling contact :+91 8891314091

6. भारत की सेवा का अर्थ क्या है ? **(1)**

7. कब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा ? **(1)**

8. खंड का संक्षेपण करें । **(6)**

9. उचित शीर्षक लिखें । **(1)**

**सूचना : पद पढ़ें और 10 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

सुतमुख देखि जसोदा फूली ।
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मग्न तनु की सुधि भूली ।।
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुंदर सुखदाई ।
तनक तनक सी दूध की दँतियाँ देखौ नैन सुफल करो आई ।।
आनंद सहित महर तब आए मुख चितवन दोउ नैन अघाई ।
'सूर' स्याम किलकत द्विज देख्यो मनो कमल पर बीजु जमाई ।।

10. यशोदा कब अपने आपको भूल जाती है ? **(1)**

11. यशोदा क्यों खुश हुई ? **(1)**

OGY Academy
Outstanding Guidance for Youth

12. यशोदा नंद को बुलाकर क्या दृश्य देखने को कहती है ? **(1)**

13. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें । **(6)**

14. जीवन–वृत्त पढ़ें और हिमांशु जोशी के बारे में एक अनुच्छेद लिखें । **(6)**

**जीवन–वृत्त**

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | हिमांशु जोशी |
| जन्म | : | 1935 |
| जन्म–स्थान | : | उत्तराखंड |
| प्रमुख रचनाएँ | : | यात्राएँ, नोर्वे : सूरज चमके आधी रात |



For Free Carrier Counselling contact :+91 8891314091

15. बेटी के आँसूनामा ने बादशाह के मन को विचलित कर दिया। बादशाह उस दिन की डायरी में इसका ज़िक्र करते हैं। कल्पना करके वह डायरी तैयार करें। **(8)**

- देश प्रेम
- दिल्लीवासियों के प्रति आकुलता
- परिवारवालों की सोच
- खत पढ़ने पर उत्पन्न दर्द

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 16 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

हे मातृभूमि ! तुझको निरख, मग्न क्यों न हों मोद में ?
पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा।
तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ?
तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है।
बस तेरे ही सुरस-सार से सनी हुई है।।
फिर अंत समय तू ही इसे अचल देख अपनाएगी।
हे मातृभूमि ! यह अंत में तुझमें ही मिल जाएगी।

16. 'हर्ष' शब्द का समानार्थी शब्द है – **(1)**

[मोद, निरख, मग्न]

17. 'तुझमें ही मिल जाएगी' यहाँ 'तुझमें' से क्या तात्पर्य है ? **(1)**

18. तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ? **(1)**
कवि ऐसा क्यों सोचते हैं ?

19. कवितांश का आशय लिखें। **(6)**

20. **सूचना :** हाइकू पढ़ें और आशय लिखें। **(6)**

| |
|---|
| मान न मान<br>मैं तेरा मेहमान<br>बने बुढ़ापा। |

GOGY Academy® Outstanding Guidance for Youth



For Free Carrier Counselling contact :+91 8891314091

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और 21 और 23 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

जिस हिंदी को भोजपुरी – अवधी के रूप में, 'हनुमानचालीसा' तथा 'रामचरितमानस' आदि धर्मग्रंथों के माध्यम से भारत से जाने समय वे ले गए थे अपने साथ और जिसे उन्होंने तूफ़ान के बीच दीये की तरह जलाए रखा–आज एक सौ तीस साल बाद वह एक नए रूप में साकार होकर उपस्थित हो रहा है । उसका वैश्विक स्वरूप उभर रहा है । वह अब गिरमिटिया श्रमिकों की ही नहीं, शासकों, राष्ट्राध्यक्षों की भी भाषा बन गई है जो संसार के एक सौ बीस देशों में किसी न किसी रूप में अपनी उपस्थिति का अहसास जता रही है ।

21. गिरमिटिया श्रमिक किन–किन के माध्यम से हिंदी को भारत से ले गए थे ? **(2)**

22. यहाँ हिंदी की उपस्थिति के बारे में लेखक क्या बताते हैं ? **(2)**

23. लेखक विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने के लिए पारामारिबो पहुँचे । वहाँ की हिंदी भाषा के प्रचार के बारे में अपने मित्र को एक पत्र लिखते हैं, वह पत्र तैयार करें । **(8)**

24. 'सुत पति नेह भवन जन संका लज्जा नहीं करी' मुरली की ध्वनि में लीन प्रणयातुर दो गोपिकाओं के बीच का वार्तालाप तैयार करें । **(8)**

- मुरली की ध्वनि
- कृष्ण प्रणय
- कुल मर्यादा छोड़ना
- अपने को भूल जाना

OGY Academy
Outstanding Guidance for Youth

**सूचना : 25 से 29 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें ।**

25. 'मेरे भारतवासियों' किसका भाषण है ? **(1)**

[गाँधीजीका, नेहरूजी का, सरदार पटेल का]

26. दुधिए दाँतों को दिखाने के लिए यशोदा ने किसको बुलाया ? **(1)**

[नंद को, माँ को, नौकरानी को]



For Free Carrier Counselling contact :+91 8891314091

27. 'आदमी का चेहरा' किस विधा की रचना है ? **(1)**

[कविता, कहानी, निबंध]

28. भटका हुआ पीर क्या देकर दूसरों की सहायता करता है ? **(1)**

[पुस्तक, मिठाई, पानी]

29. इष्ट देव का इष्ट नैवेद्य क्या है ? **(1)**

[कुमुद फूल, गुलाब, चमेली]

30. सही मिलान करें । **(8 × 1 = 8)**

| | | |
|---|---|---|
| Advance | – | प्रतिमान |
| Virus | – | सर्वाधिकार |
| Pattern | – | भौतिकी |
| Cess | – | अनुपात |
| Copyright | – | पेशगी |
| Energy | – | विषाणु |
| Ratio | – | उपकर |
| Physics | – | ऊर्जा |

31. 'दोस्ती मानव जीवन का अभिन्न अंग है' – सच्ची दोस्ती के बारे में एक लेख तैयार करें । **(8)**

- सच्ची दोस्ती
- दोस्ती का गुण
- दोस्ती का महत्त्व
- दोस्ती की आवश्यकता

OGY Academy®
Outstanding Guidance for Youth

32. अंग्रेज़ी खंड का हिंदी में अनुवाद करें । **(8)**

Sugathakumari was a famous poet in Malayalam. She was born on 22 January, 1934. Her father was a poet and freedom fighter Bhodheswaran and mother was V.K. Karthiyani Amma. Krishna Kavithakal, Rathrimazha, Pathirapookkal are famous works of Sugathakumari. She was died on 23 December, 2020.

[Freedom fighter – स्वतंत्रता सेनानी]



For Free Carrier Counselling contact :+91 8891314091

33. 'शादी के नाम आडंबर और दुर्व्यय' विषय पर भाषण तैयार करें । **(8)**

- शादी के नाम पर बढ़ता अनावश्यक खर्च
- समाज में अपने बड़प्पन दिखाने की बुरी आदत ।
- बढ़ती दहेजप्रथा
- अमीरों की नकल

34. मान लें, 14 नवम्बर को स्कूल में बालदिवस का आयोजन होनेवाला है । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें । **(8)**

35. 'मगर नींद के

खुलने के पूर्व ही नोटिस

बैंक की आ धमकी सपने में'

सपना देखनेवाली मज़दूरिन का आत्मकथांश तैयार करें । **(8)**

- सपने की शान में सोनेवाली मज़दूरिन
- झोंपड़ी की जगह इमारत का सपना
- सपने के अंत में कड़ुवी सच्चाई
- उदारीकरण के दोष

Academy
Outstanding Guidance for Youth

36. संपर्क भाषा के रूप में हिंदी विषय पर एक निबंध तैयार करें । **(8)**

- जन–साधारण की भाषा
- भाषा का प्रचार एवं प्रसार
- राजभाषा के रूप में हिंदी (Official language)
- बोलचाल की भाषा



For Free Carrier Counselling contact :+91 8891314091

37. एक नया घर बेचना है, इसकी बिक्री के लिए सहायक एक विज्ञापन तैयार करें। **(8)**

- शहर के पास
- पक्का मकान
- आकर्षक निर्माण
- बैंक लॉन की सुविधा

38. 'नारी कल और आज' विषय पर आलेख तैयार करें। **(8)**

- प्राचीन काल में नारी
- घरेलू वातावरण में नारी
- आधुनिक समाज में नारी
- नारी सुरक्षा के लिए कानूनी मान्यता

GOGY Academy
Outstanding Guidance for Youth



For Free Carrier Counselling contact :+91 8891314091